हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

04 413 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, बाइक सहित...



05 अशोकनगर नगरीय क्षेत्र में सीमा वृद्धि का प्रस्ताव कलेक्टर ने शासन को भेजा



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की 7 नवंबर को होने वाली बैठक स्थगित

गुना। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की 7 नवंबर को आयोजित होने वाली मासिक बैठक स्थगित कर दी गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एआर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटी दीपावली के पर्व को देखते हुए बैठक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक की आगामी तिथि शीघ्र निर्धारित कर सदस्यों को सूचित कर दी जाएगी। एसोसिएशन के सभी सदस्यों से नई तिथि की जानकारी के लिए संपर्क में रहने की अपील की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव का स्वागत व सम्मान किया



गुना। नामदेव समाज विकास परिषद, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नामदेव (गाडरवारा) के आरोन एवं गुना आगमन पर समाजबंधुओं द्वारा पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवियों एवं समाजबंधुओं ने उनसे भेंट कर सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती एवं समाज के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। उपस्थितजनों ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा समाजहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष नामदेव एडवोकेट, दीपक नामदेव, जितेन्द्र नामदेव (प्रदेश प्रवक्ता), संतोष नामदेव, रामकिशन नामदेव, राजू नामदेव, सोनू नामदेव, हेमराज, ओमप्रकाश नामदेव सहित गुना, आरौन एवं अन्य क्षेत्रों के अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

राघौगढ़ में घनी आबादी के बीच अवैध रूप से चल रही थी पटाखों की दुकान

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने दीपावली के मद्देनजर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पटाखों का भंडारण कर बिक्री करने वाले एक आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के गोदाम से भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार के पटाखे, स्काई शॉट, अनार, चकरी और सुतली बम समेत कुल 5 कार्टून और एक कट्टे में भरी आतिशबाजी जब्त की है। यह गोदाम रिहायशी इलाके में स्थित था, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राघौगढ़ पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आईटीआई कॉलेज के सामने स्थित एक गोदाम में अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखे छिपाकर रखे गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान गोदाम के मालिक बंटी नामदेव उर्फ रामदयाल नामदेव निवासी माली मंदिर के पीछे, राघौगढ़ से पटाखों के भंडारण और बिक्री का वैध लाइसेंस मांगा गया, जिसे वह पेश नहीं कर सका। पुलिस टीम ने विधिवत कार्रवाई करते हुए 5 बड़े कार्टूनों और एक कट्टे में भरे अवैध पटाखों (विस्फोटक सामग्री) को मौके पर ही जब्त कर लिया।

मां शीतला माता मंदिर के शिखर निर्माण को लेकर समिति गठित

राघौगढ़। नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित मां शीतला माता मंदिर के शिखर निर्माण को लेकर समाजजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर शिखर निर्माण कार्य के लिए समिति का गठन किया गया। समिति में रामसेवक पाल को अध्यक्ष एवं मानसिंह केवट को सचिव नियुक्त किया गया। मंदिर का शिखर निर्माण जनसहयोग से कराने तथा निर्माण कार्य की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से समिति बनाई गई है। समिति में महेंद्र सिंह, गोलू शर्मा, भगवान लाल, अजब सिंह केवट, विनोद केवट, राधेश्याम केवट, पप्पू, पवन केवट, पवन सिंह, एहसान सिंह एवं भगवत सिंह सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति गठन के साथ ही मां शीतला माता मंदिर के शिखर निर्माण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाजजनों ने जनसहयोग से निर्माण कार्य को पूरा कराने का संकल्प लिया।

त्योहारी सीजन पर चरमराई शहर की सफाई व्यवस्था, हड़ताल पर सफाईकर्मी

बाजारों और रिहायशी इलाकों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में एक तरफ जहां दीपावली जैसे बड़े और पावन पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पूरे गुना शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पर्व के ठीक मुहाने पर शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में जगह-जगह कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि त्योहारों के इस उल्लास भरे माहौल में गंदगी के अंबार ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

वेतन विसंगति और महंगाई के इस दौर में मात्र 10 हजार रुपए पर सवाल: बुधवार की सुबह से ही अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत सफाई कर्मचारी लामबंद होकर सीधे नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट के सामने जा पहुंचे। यहां कर्मचारियों ने प्रशासन और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी का खुलकर इजहार किया। सफाई कर्मचारी नेताओं ने मीडिया और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा रखते हुए दो-सूट शब्दों में कहा कि आज के इस मंहगाई के दौर में सफाई कर्मचारियों की आर्थिक हालत बेहद बदतर हो चुकी है। उन्हें महज 10 हजार रुपए मासिक वेतन मिल रहा है, वह भी समय पर नहीं दिया जाता। कर्मचारियों ने आक्रोश जताते हुए कहा, महंगाई के इस दौर में सिर्फ 10 हजार रुपए में कोई परिवार कैसे गुजारा कर सकता है और कैसे अपने बच्चों के साथ त्योहार मना सकता है? जब हमारे घरों में खुशियां नहीं होंगी और हम त्योहार नहीं मना पाएंगे, तो फिर किसी को भी चैन से त्योहार नहीं मनाने देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनके पेट और हक की लड़ाई है, जो अब आर-पार के मूड में लड़ी जाएगी। यूनियन के नेताओं का कहना है कि उनकी 16 सूत्रीय मांगें पिछले 20-25 सालों से लगातार हवा में तैर रही हैं, लेकिन न तो शासन और न ही स्थानीय प्रशासन इस पर कोई ठोस निर्णय ले रहा है। कर्मचारी नेताओं ने दो-टूक चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी 16 सूत्रीय मांगों का संतोषजनक निराकरण नहीं किया जाता, तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल यूं ही जारी रहेगी। उन्होंने शहर की जनता से भी अपील की है कि यह लड़ाई उनके बुनियादी अधिकारों और जीवन-यापन की है, इसलिए आम नागरिक इस कठिन समय में उनका सहयोग करें।

पूर्व की चेतावनियों के बाद सड़कों पर उतरा आक्रोश

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारियों का यह आक्रोश अचानक नहीं फूटा है। इससे पहले भी चरणबद्ध आंदोलन के तहत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों का गुस्सा लगातार उबल रहा था। गत 22 अक्टूबर को जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया के नेतृत्व में जिला प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर 16 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की गई थी। इसके बाद, 28 अक्टूबर को कर्मचारियों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया था और सांकेतिक विरोध दर्ज कराया था। इतना ही नहीं, पिछले दिनों नगर पालिका परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर चेतावनी दी गई थी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो राजधानी भोपाल में राज्यस्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।

त्योहारों के बीच नागरिकों की बढ़ी मुश्किलें

दीपावली के ठीक पहले शहरभर में सफाई व्यवस्था ठप हो जाने के कारण बाजारों में खरीदारी करने आने वाले आम लोगों को भी कचरे और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। यदि समय रहते नगर पालिका प्रशासन और शासन ने इन आंदोलित कर्मचारियों से सार्थक चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं निकाला, तो आने वाले दिनों में शहर की स्थिति और अधिक नारकीय हो सकती है। फिलहाल, प्रशासनिक गलियारों में भी इस अचानक हुई हड़ताल से हडक़ंप मचा हुआ है।

दो-दो कैंटीन होने के बावजूद मंडी में किसानों को नहीं मिल रहा पांच रुपए में भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की नानाखेड़ी स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों को सुविधाएं नहीं मिल रही है। इस कारण मंडी में आने वाले किसानों को उपज बेचने के दौरान परेशानी हो रही है। शासन के नियमानुसार मंडी में किसानों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराना व पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखना है। इसके बाद भी न तो किसानों को सस्ता भोजन मिल रहा है न ही पीने के पानी की सुविधा। बड़ी बात यह है कि मंडी में दो-दो कैंटीन है लेकिन एक पर भी किसानों को सस्ता पांच रुपए में भोजन नहीं मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार एक केंटीन जो ऊपर है वह बंद है। जिसके ठेके के लिए टेंडर हो चुके हैं। जबकि नीचे वाली कैंटीन चालू होने के बावजूद सस्ता भोजन नहीं मिल रहा है। वहीं साथ ही मंडी में नियमित सफाई नहीं होने से परिसर में गंदगी पड़ी रहती है। इस पर किसानों ने मंडी में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। यहां लंबे समय से कैंटीन में किसानों को मिलने वाली 5 रुपए में भोजन व्यवस्था बंद है। वहीं इस बारे में मंडी सचिव आरपी सिंह ने सफाई देते कहा कि मंडी में नई कैंटीन के लिए नए ठेके लिए टेंडर जारी किए गए हैं। हमारी कोशिश है कि किसानों को परेशानी न हो, किसानों को पांच रुपए में भोजन मिले। वहीं नीचे वाली कैंटीन में 5 रुपए में भोजन क्यों नहीं लिम रहा है इसकी जांच कराकर हम कार्रवाई करेंगे।

इस बारे में मक्का की उपज लेकर आए किसानों ने बताया मंडी में पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। किसानों ने बताया मंडी में होटल संचालन का प्रावधान नहीं है। यहां पर सिर्फ मंडी प्रबंधन द्वारा किसानों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराने के लिए कैटिंग की सुविधा रहनी चाहिए लेकिन यहां पर दो-दो कैंटीन होने के बावजूद किसानों को 5 रुपए में भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जबकि संबंधित को भोजन के लिए ठेका दिया गया है। वह समोसे कचौरी व अन्य खाद्य सामग्री मिलती है। जो किसान को महंगा मिलता है। इससे किसान स्वयं ही घर से भोजन लेकर आ रहे हैं। किसानों ने बताया यहां पर बैठकर भोजन करने की व्यवस्था नहीं है। जिससे किसानों को खुले में भोजन करना पड़ता है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा: जमीन से लेकर सोशल मीडिया तक आंधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को सोशल मीडिया पर व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। बीते 30 दिनों के आंकड़ों के मुताबिक, दिग्विजय सिंह के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर उनकी पोस्ट्स को 2 करोड़ 40 लाख (24 मिलियन) से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर मिली इस बड़ी प्रतिक्रिया से साफ संकेत मिल रहा है कि यात्रा के मुद्दे आम जनता तक तेजी से पहुंच रहे हैं।

सोशल मीडिया पर मिल रही इस आंधी से यह प्रतीत होता है कि राम मंदिर निर्माण के चंदे में कथित अनियमितता और वोट चोरी जैसे गंभीर मुद्दों से सनातन धर्मावलंबी और नागरिक आहत हैं। लोग व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार की मांग को लेकर इस यात्रा से जुड़ रहे हैं। फिलहाल दिग्विजय सिंह की यह सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा उनके गृह नगर राघौगढ़ क्षेत्र में जारी है, जहां 10 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि, 5 नवंबर से 10 नवंबर तक दीपावली के उपलक्ष्य में यात्रा में अवकाश रहेगा। इस दौरान देश के कोने-कोने से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और आम नागरिक यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने राघौगढ़ पहुंच रहे हैं। क्षेत्र में यात्रा को लेकर स्थानीय लोगों का भी भारी उत्साह और समर्थन देखने को मिल रहा है।

हर घर दिवाली अभियान से 300 से अधिक बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

आनंद विभाग की पहल: तीन ग्रामों के बच्चों को वितरित की गईं उपहार किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



दीपावली का पर्व खुशियों, उल्लास और आपसी प्रेम का संदेश लेकर आता है। इस पर्व की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग और विशेषकर बच्चे भी इन खुशियों में सहभागी बनें। इसी भावना को साकार करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की प्रेरणा एवं निर्देशानुसार आनंद विभाग, गुना द्वारा 'हर घर दिवाली अभियान' अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। इस पहल के माध्यम से 300 से अधिक जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों तक दीपावली की खुशियां पहुंचाई गईं तथा उन्हें उपहार किट वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी गई।

मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग की अवधारणा के अनुरूप जिला आनंद विभाग द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के जनसहयोग से इस अभियान को संचालित किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम विनायकखेड़ी, ग्राम सोजनाचक एवं ग्राम कंचनपुरा के प्राथमिक विद्यालयों तथा बस्तियों में पहुंचकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की ओर से उपहार किट प्रदान की गईं। उपहार प्राप्त कर बच्चों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

इस अवसर पर एसडीएम शिवानी पाठक, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आनंद विभाग दिव्यांशु शिवहरे, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती योगिता परमार, नोडल अधिकारी आनंद विभाग आशीष टाटिया, डीपीसी सुश्री प्रेरणा गुप्ता, बीआरसी, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री अभिनव परिहार, बीआरसी अशोक जोशी तथा आनंद क्लब गुना के श्री रोहित सहित संबंधित ग्रामों के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे आत्मीय संवाद किया, उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने, आतिशबाजी के दौरान सावधानी रखने तथा बड़ों की देखरेख में ही दीपावली के उत्सव में भाग लेने का संदेश भी दिया।

उल्लेखनीय है कि आनंद विभाग द्वारा समाज में सकारात्मकता, प्रसन्नता और जीवन के प्रति उत्साह का भाव विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इनमें अल्पविराम, आनंद उत्सव, आनंद क्लब सहित अनेक गतिविधियां शामिल हैं।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बोलेरो को मारी टक्कर, युवक घायल

गुना। फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बघूरिया पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बोलेरो की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार युवक सोरम धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम लपचौरा डोंगरपुर, बमोरी निवासी राजाराम धाकड़ के पुत्र सोरम धाकड़ राजस्थान की ओर से बोलेरो से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बोलेरो में टक्कर मार दी। हादसे में सोरम के सिर, गले और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और वे बेहोश हो गए।

ट्रेन में चार्जिंग पर लगाया मोबाइल चोरी

गुना। ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला कोटा-ग्वालियर ट्रेन का है, जहां यात्रा के दौरान एक यात्री का मोबाइल चोरी हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्वालियर निवासी मोहम्मद आबिद खान परिवार के साथ कोटा से ग्वालियर जा रहे थे। उन्होंने अपना वनप्लस नॉर्ड 4 मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। ट्रेन के गुना स्टेशन पहुंचने पर मोबाइल चार्जिंग पॉइंट से गायब मिला। अज्ञात चोर मोबाइल लेकर फरार हो गया।

अनूठी पहल: घर की अनुपयोगी वस्तुओं का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दीपावली के पावन पर्व पर जरूरतमंदों के जीवन में उजाला फैलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद गुना और सहयोगी संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में संस्था की आईईसी टीम द्वारा शहर में विशेष जनजागरूकता एवं सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नागरिकों के घरों में रखी उपयोगी लेकिन अनुपयोगी वस्तुओं का संग्रहण कर उन्हें जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। अभियान के तहत नागरिकों से पुराने साफ कपड़े, जूते, खिलौने, किताबें और अन्य घरेलू सामग्री दान करने की अपील की गई। टीम ने इन सामग्रियों को एकत्र कर उनकी व्यवस्थित छंटाई के बाद चक सिंगवासा क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरित किया, जिससे उनके चेहरों पर दीपावली की मुस्कान लौट आई।

यह पहल रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल की अवधारणा पर आधारित है, जो सामाजिक सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है। नगर पालिका और सिद्धिविनायक टीम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी अतिरिक्त उपयोगी सामग्री दान कर इस नेक अभियान में सहभागिता निभाएं।

पीजी कॉलेज में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के 7 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

आपातकाल में घबराएं नहीं, सूझबूझ से बचाएं जान: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए आयोजित सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थानीय पीजी कॉलेज में गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले वॉलंटियर्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी भी आपदा या आपातकालीन स्थिति में संयम बनाए रखना और विपरीत परिस्थितियों में त्वरित एवं सही निर्णय लेना बेहद जरूरी है।

कलेक्टर कन्याल ने अपने संबोधन में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जैसी जीवनरक्षक तकनीकों के महत्व पर



विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीपीआर का प्रशिक्षण समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में समय रहते लोगों की जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की समय-सीमा बैठक में भी सभी अधिकारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने वॉलंटियर्स से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि कम से कम 10 अन्य लोगों को भी सीपीआर एवं जीवनरक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दें। इससे समाज में आपदा से निपटने की सामूहिक क्षमता मजबूत होगी।

युवाओं के लिए भी उपयोगी साबित होगा प्रशिक्षण

कलेक्टर ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस वॉलंटियर का प्रशिक्षण युवाओं के व्यक्तित्व विकास के साथ अग्निवीर जैसी सैन्य भर्तियों में भी उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय शांत रहकर निर्णय लेने की क्षमता यानी प्रेजेंस ऑफ माइंड सबसे महत्वपूर्ण होती है। उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग कर बड़ी जनहानि को टाला जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आरके पथरोल ने सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।

वहीं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सपना प्रजापति सहित अन्य वॉलंटियर्स ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए व्यावहारिक कौशल की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम बनाना तथा समाज में जागरूकता और स्वयंसेवा की भावना विकसित करना रहा।

कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अपने कौशल का उपयोग जरूरतमंदों की सहायता और समाज की सुरक्षा के लिए करने का आह्वान किया।

समाचार संक्षेप

दिव्यांगजनों व वृद्धजनों के लिए चिन्हांकन शिविर आयोजित, 66 हितग्राही चयनित



कुंभराज। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार नगर परिषद कुंभराज में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 121 वृद्धजन एवं दिव्यांगजन हितग्राही उपस्थित हुए, जिनमें पात्रता के आधार पर 66 हितग्राहियों का सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हांकन किया गया। शिविर में एलिमको जबलपुर से आए पीएंडओ विकास शुक्ला, ऑडियोलॉजिस्ट राकेश लोधी एवं यश कश्यप ने हितग्राहियों का परीक्षण कर आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी लीलाधर सेन के निर्देशन में एआरआई प्रमोद शर्मा एवं नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों ने सक्रि

हाईवे स्थित पेट्रोल पंप पर विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया का स्वागत व अभिनंदन किया



चाचौड़ा। हाईवे स्थित देवेंद्र दितलवाड़ा के पेट्रोल पंप पर आदिवासी राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पुष्पमालाओं से उनका स्वागत कर सम्मान किया गया तथा आत्मीय मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उनके आगमन पर उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत कियास्वागत करने वाले बल्लू अर्चना काला पहाड़ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र, सौरभ यादव, रिंकू सिंह राम, नारायण सिंह, अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित है।

शहर अध्यक्ष सुंदर सैनी व ब्लॉक अध्यक्ष संजय मीणा ने किया दिग्विजय सिंह का स्वागत



चाचौड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के चाचौड़ा में नगर प्रवेश के समय शहर अध्यक्ष सुंदर सैनी ने नगर प्रवेश के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुंदर सैनी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय मीणा ने अपने समर्थकों के साथ दिग्विजय सिंह का गर्मजोशी से राजीव चौक बीनागंज में स्वागत एवं अभिनंदन किया। पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल भी उपस्थित थे

मातामढ़ी मंदिर के पास वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया आरोपी

413 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, बाइक सहित मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेशभर में 27 अक्टूबर 2026 से 15 दिवसीय एंटी नारकोटिक्स विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में कुंभराज पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 3 नवंबर की शाम कुंभराज-बटावदा रोड स्थित मातामढ़ी मंदिर के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बटावदा की ओर से काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर आ रहे एक व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजवीर पुत्र मोहनलाल राणा (32 वर्ष), निवासी कुंभराज के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके बैग से 413 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने करीब 20 हजार रुपये कीमत का गांजा एवं 25 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल सहित कुल 45 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कुंभराज में अपराध क्रमांक 231/26, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब गांजे के स्रोत, तस्करी नेटवर्क एवं अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में जांच कर रही है।

कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित अग्रवाल, उपनिरीक्षक होतम सिंह बघेल, उपनिरीक्षक रंगलाल मेर, प्रधान आरक्षक सलीम खान, शिवकुमार, आरक्षक सतेंद्र रावत, सुनील धाकड़, धर्मवीर रावत, दिलीप धाकड़ एवं आलम जमरा की विशेष भूमिका रही। गुना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

हम दूसरों की बुराइयों के बजाय अच्छाइयों पर ध्यान दें तो रिश्तों में दूरियां नहीं बढ़ेंगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्रमण सागर महाराज ने श्रमण धारा प्रवचनमाला के अंतर्गत बुधवार को तालमेल कैसे बैठाएं विषय पर मंगल प्रवचन दिए। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में विचारों का मतभेद होना स्वाभाविक है। गुरु-शिष्य, पति-पत्नी और मित्रों के बीच तालमेल की कमी से मनमुटाव पैदा होता है। यदि हम दूसरों की बुराइयों के बजाय अच्छाइयों पर ध्यान दें तो रिश्तों में दूरियां नहीं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने के बजाय शांति और समझदारी से समाधान निकालना चाहिए। गुस्सा कमजोर व्यक्ति की झूठी ताकत है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ₹जीवन में कभी हार नहीं होती, या तो जीत मिलती है या सीख।₹ सुख-दुख में समान भाव रखने और अहंकार से बचने की प्रेरणा भी दी। प्रवचन के समापन पर मुनिश्री ने अपनी लोकप्रिय कविता का पाठ किया। इस अवसर पर जैन समाज राघौगढ़ की ओर से मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर नगर में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण स्थापित करने का अनुरोध किया गया।

कुंभराज में रामलीला का मंचन

कलाकारों के सजीव अभिनयः लक्ष्मण शक्ति और कुंभकर्ण वध ने दर्शकों को किया भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर की कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित रामलीला में सोमवार की रात्रि लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकर्ण वध की लीला का शानदार मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय और रोमांचक दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला में मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भीषण युद्ध हुआ। मेघनाद ने अपनी मायावी शक्तियों का प्रयोग करते हुए ब्रह्मशक्ति से लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। इसके बाद हनुमान जी वैद्य सुषेण को भवन सहित लेकर आए। वैद्य के निर्देश पर संजीवनी बूटी लेने गए हनुमान जी बूटी की पहचान नहीं कर पाए तो पूरा पर्वत ही उठा लाए।

रास्ते में भरत जी द्वारा अनजाने में बाण चलाने, हनुमान जी से संवाद और उन्हें अपने बाण के सहारे रामदल पहुंचाने के प्रसंग का भी आकर्षक मंचन हुआ। अंततः संजीवनी बूटी से लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई और रामदल में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद कुंभकर्ण जागरण और वध का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कुंभकर्ण ने रावण को माता सीता के हरण को महापाप बताते हुए समझाया, लेकिन अहंकार में डूबे रावण ने उसकी एक न सुनी और उसे युद्धभूमि में भेज दिया। युद्ध के दौरान कुंभकर्ण की विभीषण से भेंट हुई, जहां दोनों भाइयों के बीच भावुक संवाद हुआ। अंततः भगवान श्रीराम ने कुंभकर्ण की भुजाएं और सिर काटकर उसका वध किया। इस दृश्य पर पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और देवताओं द्वारा पुष्पवर्षा का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। रामलीला के इन प्रसंगों ने दर्शकों को भक्ति, त्याग, भाईचारे और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। कृषि मंडी प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और देर रात तक रामलीला का आनंद लेते रहे।

विकसित भारत यूथ कन्वेंशन में युवाओं से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

भाजपा द्वारा संचालित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा-बीनागंज में विकसित भारत यूथ कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए युवा साथियों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री श्रीमती कुसुमलता कुशवाह एवं युवा मोर्चा जिला मंत्री श्री रामनिवास मीना की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में युवाओं एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ तत्व युवाओं को भ्रमित कर देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की।उन्होंने युवाओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे ही अपनी प्राथमिकता बनाएं।

तंबाकू मुक्त अभियानः सकतपुर में जागरूकता रैली आयोजित

गुना। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सकतपुर में तंबाकू एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों और अभिभावकों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को तंबाकू मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनिता सोनी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणजनों को तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया।

पेंशनर्स के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन करने शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवानिवृत अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर महासंघ अशोकनगर के आह्वान पर भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा स्टेशन रोड अशोकनगर द्वारा पेंशनरों का मिलन समारोह रखा गया। जिसमें सेवानिवृत कर्मचारियों का ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र वेदांत भवन में मुख्य प्रबंधक राजेंद्र कुमार पाठक एवं उप प्रबंधक अटल प्रकाश शर्मा द्वारा बैंक संबंधी जानकारी दी गई व आश्वस्त किया गया कि स्टेट बैंक पेंशनर्स की सेवाओं के लिए सदैव तत्पर है।

जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने में आधार कार्ड, पेंशनर कापी पी.ओ.न. और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है, जिसके माध्यम से एसबीआई की दोनों ब्रांच से लगभग 15 सहायकों द्वारा तत्काल स्पॉट पर एक से दो मिनट में लगभग 242 से अधिक पेंशनरों के डिजिटल जीवन पत्र जमा कराये गए और तत्काल मैसिज के द्वारा जमा होने की सूचना दी गई। जीवन प्रमाण पत्र के साथ-साथ पेंशनरों की बीपी, सुगर, एवं हीमोग्लोबिन की जाँच पेथोलोजिस्ट सुजीत यादव और उनके सहयोगियों के द्वारा जांच की गई। इन सभी गतिविधियों को सम्पन्न कराने में पेंशनर महासंघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा और जिलाध्यक्ष दिनेश विरथरे, कार्यकारी अध्यक्ष हरवंश लाल जुनेजा,जिला सचिव,महाराज सिंह रघुवंशी, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, प्रांतीय प्रचार मंत्री हरिओम शर्मा, संभागीय सचिव प्रहलाद श्रीवास्तव, जिला सचिव महाराज सिंह रघुवंशी,संभागीय उपाध्यक्ष रमेश पाराशर, जिला कोषाध्यक्ष संजय चैधरी, प्रमोद राजवत, बालचंद नरवरिया व महासंघ कार्यकारिणी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जिला अध्यक्ष दिनेश विरथरे ने महासंघ के नवीन सेवानिवृत कर्मचारियों से सदस्यता लेने हेतु एवं संगठन की वर्ष भर चली गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

युवाओं को मतदान अधिकारों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सांदीपनी विद्यालय अशोकनगर में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक अधिकारों एवं (वशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह के साथ युवाओं ने लोकतंत्र, मतदान, नागरिक अधिकारों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया। युवाओं ने अपने प्रश्न एवं विचार प्रस्तुत किए तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य तरुण रस्तोगी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नेशनल यूथ आइकॉन, मेरा युवा भारत, सिफा मंसूरी द्वारा नाओ युयोर वोट विषय पर विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसमें मतदान के महत्व, मताधिकार एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

सिद्धचक मंडल विधान समयसार ही हैः मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्यों ने भक्तियों की रचना की है और जो भक्तियों के अर्थ को जानता है, वह भाव विभोर हुए बिना रह नहीं सकता। अर्थ की ओर दृष्टि जाना और अर्थ को हृदयंगम करना दोनों में अन्तर है। अर्थ को ज्ञान के माध्यम से जाना जाता है और अर्थ को हृदयंगम संवेदनाओं के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह आपकी आत्म संवेदनाओं का प्रतीक है, जिससे हम अपनी आत्म दशा तक पहुँच सकते हैं और इसी का नाम अध्यात्म है।

आचार्यों के बताये मार्ग को, उनके बताये आचरण को जीवन में उतारना भी अध्यात्म है। क्योंकि यह आचरण भी आपको अपनी आत्मा की निकटता प्रदान करता है। ऐसा ही यह सिद्धचक मण्डल विधान है, यह आपको अपनी आत्मा के निकट जाने का अवसर प्रदान करता है। इसी कारण इस विधान का इतना अधिक महत्त्व है। इस विधान के माध्यम से सिद्धों की आराधना का अवसर हम सभी को प्राप्त होता है और इसके माध्यम से हमारी सिद्धत्व की प्राप्ति का जो पुरुषार्थ है वह जागृत होता है। यह विधान अपने आपमें कई विधानों की पूर्णता करने वाला विधान है। इसके एक-एक पद में समयसार



समाया है। इसलिये आचार्यों ने इसे समयसार ही कहा है। गाँव मन्दिर में इस महाआयोजन की तैयारी पंचायत कमेटी द्वारा की जा रही है। जिसमें लगभग 1000 से अधिक महिलाएं ब पुरुष अपना धर्म ध्यान कर जिनेन्द्र प्रभु की अर्चना एवं सिद्ध चक्र महा मंडल विधान के माध्यम से सिद्धों की आराधना ओर विश्व शांति महायज्ञ के माध्यम से विश्वशांति की कामना की जावेगी, समाजजन धर्म लाभ लेकर पुण्यार्जन करेंगे।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध व क्विज प्रतियोगिता की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्व. राव राजकुमार सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि जाटव,द्वितीय स्थान संजना कुशवाहा,तृतीय स्थान मुस्कान नौनेरिया ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए "मतदान का महत्व एवं शुद्ध मतदाता सूची का महत्व" विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा मतदान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था से संबंधित क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू कुशवाह, रोशनी लोधी, खुशी कुशवाहा, गिरिजा ओझा, वैष्णवी लोधी। द्वितीय स्थान निधि जाटव, नेहा केवट, वैष्णवी राय, दीक्षा सेन, मुस्कान नौनेरिया, सुलेखा कुशवाहा। तृतीय स्थान मुस्कान राजा परमार, भगवती ढीमर, मोनिका बघेल, संजना अहिरवार, सजना लोधी, संजना कुशवाहा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक अधिकारों, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची की शुद्धता तथा मतदान के प्रति अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करना था।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने विचारों एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक मत का लोकतंत्र में विशेष महत्व है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहर लाल एवं प्रतियोगिता प्रभारी डॉ.अम्बिका प्रसाद ने प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मजदूर महासंघ की बैठक आयोजित संगठन की मजबूती पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ की प्रांतीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ने की। बैठक में भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा (हरियाणा) मुख्य अतिथि के रूप से शामिल हुए। बैठक का संचालन भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ मध्य प्रदेश के महामंत्री हरिसिंह रघुवंशी ने किया। बैठक में पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त बसंत पुरोहित, विधिक सलाहकार प्रदेश बीएमएस सुधीर चतुर्वेदी, ग्वालियर-दतिया विभाग प्रमुख सुरेन्द्र सिंह भदौरिया,भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय मंत्री युवराज सिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष विजय राठौर एवं जिला सहमंत्री प्रदीप दिखत की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में मध्यप्रदेश के 7 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक दौरान सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा द्वारा अत्यधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने के लिए आग्रह किया और संगठन के साथ रहने के क्या फायदे हैं उसके बारे में बताएं बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि 19 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित देशव्यापी महाधरने में मध्यप्रदेश से अधिक से अधिक संख्या में प्राइवेट ट्रांसपोर्ट के चालक एवं श्रमिक दिल्ली पहुंचेंगे और अपनी एकजुटता एवं संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करेंगे।

मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी दी

अधिकारी और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर गिरफ्तारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शहर में नगरपालिका परिषद के कांग्रेस पार्षद द्वारा सीएमओ के घर जाने के बाद से मामला गर्माया हुआ है। सीएमओ की रिपोर्ट पर पार्षद रीतेश जैन पर मामला भी कोतवाली में दर्ज हो चुका है। उसी प्रसंग में नगरपालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी सामूहिक रूप से ज्ञापन देने पहुंचे और कार्यवाही की मांग की।

नगरपालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से सीएमओ की रिपोर्ट के बाद एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर गिरफ्तारी की मांग की है, कार्यवाही न होने पर हड़ताल की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा गया है घटना 1 नबंवर को समय लगभग सुबह 9 बजे अनावेदक रीतेश जैन द्वारा अपने साथियों के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी के शासकीय निज आवास में जबरन एवं अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा अत्यधिक उग्र होकर हंगामा किया गया। जिससे सीएमओ का परिवार भयभीत है एवं मानसिक रूप से प्रताडित हो रहे। कृत्य के दौरान निकाय उपस्थित अन्य कर्मचारियों के साथ झूमाझटकी का प्रयास किया गया, उन्हें पदीय कर्तव्यों के निर्वहन से रोका गया तथा जान से मारने व परिणाम भुगतने की धमकियां दी गई। उक्त मामले में कहा गया है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है, किन्तु गिरफ्तारी नहीं की गई है। जिससे अन्य कर्मचारी भयभीत हो रहे हैं।

खबर संक्षेप

जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम बरखेड़ा में सरकारी स्कूल के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सुरेश विश्वकर्मा, महेन्द्र अहिरवार, संजीव अहिरवार, संतोष कुशवाह, जसरथ कुशवाह और गोलू सेन को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 5800 रूपए जप्त किए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैघरा कॉलोनी निवासी महेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधा पार्क कॉलोनी निवासी राकेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित राय व उसके तीन साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोड़ा निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभय राजा परमार, छोटूराजा, गजेन्द्र राजा, वीरपाल राजा ने उससे घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद निवासी नीरज बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेन्द्र और पूनम बाई बरार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी शिवकुमार जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुडडी, रंजना और महेन्दर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघनरी निवासी राजभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल और राजकुमार जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकपुर खिरिया निवासी घनश्याम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तीन अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मांगों को लेकर हड़ताल पर 37 सफाई कर्मचारी

शाढ़ौरा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेशव्यापी आह्वान पर नगर परिषद के सभी 37 सफाई कर्मचारी 16 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने सुबह से काम बंद कर दिया। दीपावली की सफाई के दौरान कचरे की मात्रा बढ़ने से नगर में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। स्थानीय संगठन के अध्यक्ष अभिलेष सांदर ने बताया कि सभी सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल की सूचना जिला कलेक्टर को दी गई है। यह हड़ताल प्रदेश संगठन के आह्वान पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले भी स्थानीय समस्याओं को लेकर सफाई कर्मचारियों ने पांच दिन तक हड़ताल की थी। उस समय दो माह के भीतर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन मिलने पर कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी थी।वर्तमान हड़ताल प्रदेश स्तरीय मांगों के समर्थन में है। त्योहार से पहले घरों और प्रतिष्ठानों की सफाई का कचरा खुले स्थानों पर डाला जा रहा है। ऐसे में नियमित सफाई और कचरा उठाव बंद रहने से नगर परिषद के सामने सफाई व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती बढ़ सकती है।

उपार्जन समिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कान्फ्रेंस कक्ष में रबी सीजन हेतु उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने रबी सीजन 2026-27 हेतु जिले में खाद की उपलब्धता तथा वितरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रबी विपणन की स्थिति,सोसायटीवार खाद की उपलब्धता एवं वितरण,खरीफ 2026 में किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से खाद का वितरण,डबल लॉक तथा व्यापारियों द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई गई खाद की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

दावे आपत्तियों का निराकरण भी हुआ, लेकिन सीमा वृद्धि आज तक नहीं हुई

अशोकनगर नगरीय क्षेत्र में सीमा वृद्धि का प्रस्ताव कलेक्टर ने शासन को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर नगरीय क्षेत्र का विस्तार और सीमा वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव कलेक्टर द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल को भेजा गया है। इस प्रस्ताव में 2019 का उल्लेख किया गया है, जिसमें कहा गया है कि उस समय भी सीमावृद्धि का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें प्रकाशन के बाद दावे आपत्तियां भी मांगी गईं किन्तु यह प्रस्ताव आज तक लंबित है, उसी प्रस्ताव को लागू करने के लिए फिर से 30 अक्टूबर को नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल को भेजा गया है।





अशोकनगर के अधिकांश कार्यालय ग्राम पंचायतों की सीमा में

हालात यह है कि अशोकनगर शहर के सारे जिला कार्यालय ग्रामीण अंचलों की सीमा में चल रहे हैं जो पंचायत क्षेत्र में संचालित हैं। अशोकनगर जिला न्यायालय,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला उद्योग विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, सीएचएमओ कार्यालय, कृषि विभाग, ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग, कृषि उपज मण्डी, पुलिस लाईन, महिला थाना, देहात थाना, पुलिस कट्रोल रूम, वन विभाग, परिवहन विभाग सीएम राईज स्कूल, विधि महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय जैसे अनेक कार्यालय कहने के लिए अशोकनगर जिला मुख्यालय पर संचालित हैं लेकिन इनकी सीमा ग्रामीण अंचलों में हैं।



अशोकनगर शहर जिला बनने से पहले 22 वार्डों में बटां था

अशोकनगर नगरीय क्षेत्र में 22 वार्ड जब अशोकनगर जिला नहीं बना था उस समय से चले आ रहे हैं, जिला बनने के बाद अशोकनगर का विस्तार शहर के चारों ओर हो गया है लेकिन आज भी 22 वार्ड ही चले आ रहे हैं, कईं वार्ड इतने बड़े हैं कि उनमें मतदाताओं की संख्या 5000 से अधिक चल रही है। बड़ी संख्या वाले वार्ड शहर में अधिक हो गए हैं कईं छोटे वार्डों को बड़ा कर लिया गया है।

सारे मार्गों पर शहर कईं किलोमीटर तक फैला

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर अगर अशोकनगर गुना सड़क मार्ग की बात करे तों अशोकनगर शहर 8 किलोमीटर दूर रातीखेडा तक पहुंच गया है। अगर ईसागढ़ रोड की बात करें तो इस मार्ग पर शहर संकट मोचन मंदिर से आगे पहुंच गया है। अगर थूवोन रोड की बात करें तो शहर कुछ दिशा में कुछ दिशा में पिपरई रोड की ओर बढ़ गया है। इसी प्रकार कचनार जाने वाले मार्ग की बात करें तो शहर इस मार्ग पर 5 किलोमीटर आगे तक पहुंच गया है। अगर विदिशा रोड की बात करें तो बरखेडा जागीर ग्राम पंचायत पर शहर बस गया है। अगर कबीरा रोड की बात करे तो यहां भी शहर दूर दूर तक नजर आता है और यदि आरोन रोड की बात करें तो यहां 6 किलोमीटर तक मकान ही मकान नजर आते हैं। स्थिति यह है कि यह पता ही नही लगता है कि कहां तक शहर है और कहां से गांव चालू होता है।

शहर में 22 वार्ड की जगह 42 वार्ड सीमा वृद्धि के बाद बनाए जाएं

इन्हीं सभी कारणों को देखते हुए अशोकनगर शहर में जो 22 वार्ड है उन्हें ही कम से कम 32 वार्डों में विभाजित करने की जरूरत है और सीमा वृद्धि होती है तो कम से कम नए 10 वार्ड होने की आवश्यकता है। यह वर्तमान समय की मांग है ऐसी स्थिति में 22 वार्डों वाला यह शहर 42 वार्डों में विभाजित होने की संभावनाएं रखता है। जो सीमा वृद्धि का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि जो क्षेत्र अशोकनगर नगरपालिका से लगे हुए हैं उन्हें नगरपालिका क्षेत्र की सीमा में शामिल किया जाए।

इन ग्राम पंचायतों के कईं सर्वे नंबर को प्रस्ताव भेजा गया

पड़रिया ग्राम में सर्वे नंबर 168 से 174,176,177 और 302 से 316 तक कुल 24 सर्वे नंबर जिसका क्षेत्रफल 17180 हेक्टेयर है उसे शामिल किया जाए। इसी प्रकार पछाड़ी ग्राम के सर्वे नंबर 5 से 7, 13, 18 से 22, 149 से 160, 296 से 316 कुल 39 सर्वे नंबर जिनका क्षेत्रफल 27103 है। इसी प्रकार टकनेरी ग्राम के सर्वे नंबर 1 से 35 तक 64/1, 64/2,64/3 और 130 से 138 , 160 से 178, 190 से 218, 244 से 265 कुल सर्वे नंबर 117 जिसका क्षेत्रफल 43813 है। इसी प्रकार शंकरपुर के 1 से 220 तक कुल सर्वे नंबर 220 जिसका क्षेत्रफल 286.01 है, तथा बरखेडी ग्राम के अंतर्गत सर्वे नंबर 22,23, 26,73,75,76,77,80 से 85,87,89,90 से 96, 96/433, 97, 99, 100 और 102 से 106, 113,198,226,231,232,233,234,236 एवं 260 कुल सर्वे नंबर 40 जिसका क्षेत्रफलस 61697 है। इसी प्रकार पथरिया ग्राम के अंतर्गत सर्वे नंबर 21 एवं 21/1 तथा 21/3 कुल सर्वे नंबर 3 कुल क्षेत्रफल 3 हेक्टयर है। जिसका प्रस्ताव भेजा गया है।

चारों दिशाओं में यह प्रस्ताव इस प्रकार तैयार किया गया है

अगर इस प्रस्ताव की बात करें तो उत्तर दिशा में ग्राम पछाडी में स्थित सर्किट हाउस व तुलसी पार्क की आखिरी सीमा तक पूर्व दिशा में विदिशा रोड से वायपास रोड के आसपास होते हुए एलकेटी होस्पिटल, मुस्कान स्कूल से गरीबरथ कॉलोनी शामिल करते हुए ग्राम टकनेरी की आदिवासी वस्ती की आखिरी सीमा तक दक्षिण दिशा में ग्राम मोहरी राय की सीमा तक, और पश्चिम दिशा में जिला सत्र न्यायालय एवं पुलिस लाईन व जेल की आखिरी सीमा तक का भाग शामिल किए जाने का प्रस्ताव है।

विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश



अशोकनगर। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में शहर की तायडे कॉलोनी स्थित गुरुकुल श्री नवचेतन विद्या मंदिर हाई सेकेंड्री विद्यालय में रंगोली एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता, स्वच्छ भारत अभियान, मेरा भारत देश महान, किताबों में दफन हुए, समय की बचत, मां की ममता, अंधविश्वास, सेवा संकल्प अभियान, डिजिटल इंडिया तथा देश की एकता और अखंडता जैसे सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर आकर्षक और संदेशप्रद रंगोलियां बनाई। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोलियों ने न केवल सभी का मन मोह लिया, बल्कि विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। वहीं, थाली सजाओ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दीपक एवं थालियों को आकर्षक ढंग से सजाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरी लगन, मेहनत और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। उनकी सृजनात्मकता और सुंदर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गिर्राज शर्मा एवं प्राचार्या मोनिका शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संगीता देशपांडे, नैना कौर, रितिका लोधी, किलविंदर कौर, संजना ओझा, अमित परचैया, वीरेंद्र चंदेल, अजय रघुवंशी, अरुण ओझा, अमित कुशवाह, दीपक कुशवाह, ज्योति जैन, खुशी जाटव, भवनदीप कौर, साक्षी जाटव, आलिया कुरैशी, प्रीति मैम, वैष्णवी मैम, अंजना मैम सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, रचनात्मक सोच विकसित करने तथा त्योहारों के महत्व को समझने का अवसर मिला। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने किया डबल लॉक केन्द्र का निरीक्षण



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को अशोकनगर शहर स्थित डबल लॉक केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध खाद के स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से खाद की उपलब्धता, मांग एवं किसानों को किए जा रहे वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद का सुचारू एवं व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए, जिससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

धान की पराली से बनेगा बायो डीजल

दो कंपनियां खेतों में बना रहीं पराली के बंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

धान की खेती के लिए मशहूर बहादुरपुर क्षेत्र में अब किसानों ने फसल कटाई के बाद पराली को जलाने से तौबा कर ली है। प्रशासन की सख्ती के बाद किसानों में आई जागरूकता से अब जलते हुए खेतों की तस्वीर बदल गई है। इन दिनों क्षेत्र के करीब पांच सौ बीघा खेतों में पराली से बंडल बनकर तैयार हो गए हैं। पराली को बनाने के लिए दो कंपनियां लगी हुईं हैं, जिन्होंने क्षेत्र के सिरसोरा गांव में प्लांट बनाया है। एक कंपनी गोरा, बाबरोद, नरखेड़ा, बर्री, खोपरा, सोपरा, खिरिया खुर्द सहित अन्य गांवों में काम कर रही है। वहीं एक दूसरी कंपनी सुमेर, झागर बमुरिया, हारुखेड़ी, बेरखेड़ी, कुकावली, खैरखाड़ी आदि गांवों में काम कर रही है। किसान गुरुजेंट सिंह, सोनू सिंह, निर्दोष यादव ने बताया कि इससे खेतों में पराली नाममात्र की रह जाती है, पूरी तरह सफाई हो जाती है। हालांकि कंपनी द्वारा कुछ दिया नहीं जा रहा।

पराली से बनता है बायो ईंधन

बता दें कि धान की पराली से बायो ईंधन सहित अन्य जैविक उत्पाद बनते हैं। शासन द्वारा लम्बे समय से पराली को जलाने के बजाय इसके अन्य उपयोग करने के लिए जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। वहीं पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना, किसान सम्मान निधि से निलंबन आदि कार्रवाई की जा रही हैं।



वीडियों कांफ्रेंस में जिले के अधिकारी हुए शामिल

आवश्यक व्यवस्थाओं के दिए गए निर्देश

अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व से वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मध्यप्रदेश के कमिश्नर,आई.जी.,पुलिस कमिश्नर,कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहारों पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में नशा विरोधी अभियान एवं नारकोटिक्स नियंत्रण संबंधी अपेक्षित कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि दीपावली का दूसरा दिन गोवंधन पूजा के कार्यक्रम गौशालाओं में आयोजित किये जाएं। उन्होंने स्वामित्व पंजीयन के संबंध में निर्देश दिए कि धनतेरस पर विशेष अभियान के तहत जिन गांवों में अधिक पंजीयन हो चुका है, वहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। रबी सीजन हेतु किसानों को खाद बीज की भंडारण/वितरण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर अशोकनगर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त विकास कुमार आनंद सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस प्रशासन पर हो रहे हमलों के विरोध में ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि मध्यप्रदेश में बढ़ते माफिया राज कानून व्यवस्था की विफलता और पुलिस प्रशासन पर हो रहे जानलेवा हमलों के विरोध में एवं सख्त कार्रवाई की मांग करती है वर्तमान में हुई घटना जिसमें थाना प्रभारी की नृशंस हत्या विगत दिनों खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफियाओं द्वारा ट्रक से कुचलकर सरेराह हत्या कर दी गई। यह घटना बेहद हृदयविदारक और शासकीय तंत्र के मुंह पर तमाचा है।

खास बातें

- खातेगांव कांड के दोषी शराब माफियाओं के खिलाफ त्वरित और सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई (फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से) की जाए।
- प्रदेश में सक्रिय समस्त रेत खनिज और शराब माफियाओं के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर उनके अवैध तंत्र को ध्वस्त किया जाए।
- शहीद पुलिस अधिकारी के परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा प्रदान की जाए।

माफियाओं में प्रशासन का खौफ खत्म

मध्यप्रदेश में गृह विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास है इसके बावजूद पूरे प्रदेश में बेखौफ होकर माफिया राज फल-फूल रहा है। शासन और प्रशासन का डर माफियाओं के दिलों से पूरी तरह खत्म हो चुका है। आज स्थिति यह हो चुकी है कि आम जनता की सुरक्षा करने वाला पुलिस प्रशासन खुद इन माफियाओं से सुरक्षित नहीं है। आए दिन रेत माफिया खनिज माफिया और शराब माफियाओं द्वारा पुलिसव प्रशासनिक अधिकारियों पर जानलेवा हमले की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। इस दौरान विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय, प्रदेश महासचिव यादवेंद्र सिंह यादव, मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष शोभाराम राजपूत, ईसागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश लोधी, सुधीर शर्मा नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा पंडा, अकील कुरैशी, राजकुमार लोधी, ऋषिकेश शर्मा शिव चरण शर्मा, अमन महाराज रामस्वरूप सहित विभिन्न कांग्रेसियों मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पंचायत सचिव, उपयंत्री के साथ कार्यपालन यंत्री को भी नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर को ग्राम नारायणपुर में निरीक्षण के दौरान अनियमित्ताएं मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत नारायणपुर में स्कूल, आंगनवाडी, राशन दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बीवीजीरामजी योजना के तहत ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी ली। साथ ही कार्यो की प्रगति नही पाए जाने पर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा निर्माण कार्यो के रिकॉर्ड की जानकारी नही देने पर कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के उपयंत्री को बीवीजीरामजी योजना के तहत नवीन कार्य प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिए है।

स्कूल का किया निरीक्षण

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण कर स्कूली बच्चों से शैक्षणिक संवाद कर शिक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने स्कूली बच्चों से सवाल जबाव किये। स्कूली बच्चों द्वारा पूछे गए सवाल जबाव के उत्तर दिये गये। शिक्षा का स्तर संतोषजनक पाये जाने पर उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान स्कूली बच्चों को बन रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को देखा। उन्होंने मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण एवं मीनू अनुसार उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल परिसर पर पर्याप्त साफ सफाई रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल परिसर में जर्जर भवनों का चिन्हाकंन कर डिस्मेंटल की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।



सुपरवाईजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर द्वारा नारायणपुर आंगनवाडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा निरंतर भ्रमण न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी में बच्चों की उपस्थिति/वजन पंजी और न ही कोई बच्चा आंगनवाडी केन्द्र पर नही मिलने पर आंगनवाडी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए।

उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

भ्रमण के दौरान कलेक्टर मालवीय ने ग्राम नारायणपुर में संचालित उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राशन वितरण की जानकारी ली तथा सेल्समेन को रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन वितरण मॉनीटरिंग समिति की नियमित बैठक करने के निर्देश दिए।

पंचायत भवन का किया निरीक्षण

कलेक्टर द्वारा निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया पंचायत भवन का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम नारायणपुर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम नारायणपुर में कुल 80 प्लॉटों में से 68 प्लॉटों के स्वामित्व अभिलेखों का निष्पादन किया जा चुका है तथा शेष 12 प्लॉटों के स्वामित्व अभिलेखों का निष्पादन किया जाना शेष है। उन्होंने निर्देशित किया गया कि शेष 12 स्वामित्व अभिलेखों का निष्पादन आगामी 06 नवम्बर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे ग्राम में स्वामित्व योजना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव, तहसीलदार संतोष धाकड़ साथ रहे।

इंजीनियर की समझाइश के बाद भी ठेकेदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं

अमानक सामग्री से उप स्वास्थ्य का केंद्र निर्माण, डस्ट से चुनाई के बाद तराई भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ



तहसील की सराना पंचायत के ग्राम अम्बेडकर नगर में करीब 55 लाख रुपये की लागत से चल रहे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस बिल्डिंग के निर्माण में ठेकेदार जमकर लापरवाही बरतते हुए घटिया निर्माण कर रहा है। जिसको लेकर विभागीय तौर पर फिलहाल कोई कार्यवाही देखने को नही मिली है। दरअसल, इस बिल्डिंग निर्माण में एम सेंट की जगह गुणवत्ताहीन डस्ट का जमकर उपयोग किया जा रहा है। यहां ईंट की चुनाई तक इसी डस्ट भरी एम सेंट से की जा रही है। जबसे भवन निर्माण का काम चल रहा है, यहां नियमित रुप से पानी की तराई भी नही की जा रही है। छत के बीम कालम ओर दीवारों के बीच भी काफी गेप देखने को मिल रहा है। वही ईंट ओर बालू रेत भी घटिया क्वालिटी की उपयोग में लाई जा रही है। दिखाने को ठेकेदार ने मौके पर बालू रेत डलवा रखी है लेकिन इसका उपयोग न के बराबर हो रहा है। जिसकी वजह से लाखो रुपये की लागत से बन रही बिल्डिंग की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की जरूरत है।

नोटिस थमाने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

इस बिल्डिंग निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत ग्राम सरपंच भी विभागीय तौर पर कर चुके है। जिसके बाद विभाग की इंजीनियर लगातार निरीक्षण करने भी पहुची, यही नही उन्होंने ठेकेदार को घटिया निर्माण के लिए नोटिस भी जारी किया लेकिन ठेकेदार की कार्यप्रणाली में कोई सुधार देखने को नही मिला। फिलहाल भवन निर्माण में घटिया सामग्री और लापरवाही पूर्वक चल रहे निर्माण को आसानी से देखा जा सकता है। सवाल यही है कि इंजीनियर के निरीक्षण ओर नोटिस दिए जाने के बावजूद आखिरकार इस तरह का घटिया निर्माण किसकी शह पर किया जा रहा है। फिलहाल जिम्मेदार ग्रामीणों ने भी इस भवन निर्माण के कामो को आड़े हाथ लेते हुए यहां कारईवाई की मांग की है।

घटिया निर्माण के मामलों में नही होती कार्रवाई

तहसील में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी खेड़ी, लसुडलिया हाजी, सोनकच्छ सहित अन्य स्थानों पर बन रहे भवन निर्माण में भी इसी तरह की लापरवाही देखने को मिली थी। जिनकी शिकायते भी हुई लेकिन विभागीय तौर पर मामलो में कोई कार्रवाई देखने को नही मिली, ठेकेदार गड़बड़ी कर निर्माण कार्यो को पूरा कर गए। जिसे देखकर लगता है कि कही न कही इन घटिया निर्माण को विभागीय जिम्मेदारो ने भी अपनी मौन स्वीकृति दे रखी है।

इनका कहना है...

ठेकेदार को नोटिस दिया है, कुछ काम में जो तकनीकी गड़बड़ियां थी उसमें सुधार के लिए भी ठेकेदार को निर्देशित किया है। लगातार विजिट भी कर रहे है, फिर भी गड़बड़ी है तो जल्द ही जांच कर कार्रवाई करेंगे।
भावना दांगी, इंजीनियर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़

विद्यालय जाते समय सड़क हादसा

कार का गेट खुलने पर संतुलन बिगड़ने से अतिथि शिक्षक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



शिक्षा जगत के लिए बुधवार सुबह बेहद दुखद खबर सामने आई। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा जागीर में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 (सामाजिक विज्ञान) के पद पर कार्यरत रामबाबू वर्मा पिता रूपालाल (45 वर्ष), निवासी ग्राम लसूडल्या जागीर, की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वे बुधवार सुबह रोजाना की तरह बाइक से विद्यालय जा रहे थे, तभी बोड़ा के समीप यह हृदयविदारक हादसा हो गया।

कार का गेट खुलते ही बिगड़ा संतुलन, ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आए शिक्षक- जानकारी के मुताबिक शिक्षक रामबाबू वर्मा सुबह 09.40 बजे बोड़ा में सड़क से गुजर रहे थे, तभी उनके आगे चल रही एक कार धीमी होकर रुकी। इसी दौरान कार में सवार व्यक्ति ने उतरने के लिए जैसे ही गेट खोला, बाइक से आ रहे रामबाबू वर्मा कार के खुले गेट से टकरा गए और सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली उन्हें रौंदते हुए निकल गई। हादसा इतना गंभीर था कि शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, पुलिस ने जांच में लिया- हादसे से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने घटना के सीसीटीवी फुटेज को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है।

नेशनल हाईवे पर बाइक के सामने आया गोवंश, तीन घायल

सारंगपुर। नेशनल हाईवे पर गोवंश के सामने आ जाने से बाइक सवार दंपती और उनका पोता दुर्घटना का शिकार हो गए। दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके पोते को मामूली चोट आई है। तीनों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। जानकारी



के अनुसार गुरुवार को रमेश राजपूत (55) पिता घीसालाल अपनी पत्नी सोना बाई (50) और पोते शिवम राजपूत (16) पिता मनोहर सिंह के साथ बाइक से अपने गांव मऊ से सारंगपुर आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर बालाजी पेट्रोल पंप के सामने अचानक एक गोवंश गाय उनकी बाइक के सामने आ गई।

मंत्री ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर विकास कार्यों, जल संरक्षण और शिक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम जमनागंज में 15 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण एवं शांतिधाम सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, पेयजल और स्वच्छता जैसी सुविधाओं को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके बाद ग्राम बिलोदापाल में मध्यप्रदेश जन अभियान के तहत संचालित जल संचय अभियान में शामिल होकर मंत्री ने काई नदी पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बोरी बंधान कार्य में श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

वर्षा जल संचय और जल स्त्रोतों का संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मंत्री ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलोदापाल का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक व्यवस्थाओं तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांची। संबंधित अधिकारियों को बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देव नागर,जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल,जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार,सरपंच दिनेश पाल सहित जनप्रतिनिधि भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



राजपूत समाज के दशहरा मिलन समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ

राजपूत समाज का दशहरा मिलन समारोह बुधवार को मेला ग्राउंड स्थित समाज की धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, पूर्व विधायक गिरीश भंडारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में समाजबंधुओं ने एक-दूसरे को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज की धर्मशाला के निर्माण एवं विकास कार्यों में सहयोग देने वाले समाजबंधुओं, समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सफाईकर्मियों की हड़ताल से कचरे का लगा अंबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

प्रदेशभर में सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब नगरों की सफाई व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। मंगलवार, 4 नवंबर से अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 मध्यप्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषदों में सफाई कार्य बंद कर हड़ताल शुरू कर दी गई है। इसी के चलते कुरावर नगर में भी सफाई व्यवस्था प्रभावित रही और जगह-जगह कचरे के ढेर लगे नजर आए। नगर के कई प्रमुख चैक-चैराहों और मार्गों पर दिनभर कचरा जमा रहा। सड़कों पर पड़े कचरे को आवारा मवेशी इधर-उधर फैलाते रहे। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं जगह-जगह फैली गंदगी से दुर्गंध और बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।

प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान- यूनियन के जारी पोस्टर के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रदेशभर में 4 नवंबर 2026 से अनिश्चितकालीन सफाई कार्य बंद हड़ताल की जा रही है। पोस्टर में प्रदेश सुप्रीमो मगन झांझोट, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पेटेल रामबाबू कछवाय तथा राजगढ़ जिला अध्यक्ष वीरू कछवाय सहित पदाधिकारियों का उल्लेख किया गया है।

नगरवासियों की बढ़ी परेशानी, व्यवस्था पर उठे सवाल- हड़ताल के पहले ही दिन कुरावर में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से नगर की तस्वीर बदली-बदली नजर आई। अब देखना होगा कि नगर परिषद प्रशासन इस स्थिति से निपटने के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था करता है और सफाईकर्मियों की मांगों को लेकर शासन स्तर पर कब तक कोई निर्णय लिया जाता है। फिलहाल हड़ताल का सीधा असर नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

माइक्रो इरिगेशन का रकबा बढ़ाने पंजीकृत किसानों से संपर्क कर स्प्रिंकलर व ड्रिप सिंचाई अपनाने प्रेरित करें

जिले में लहसुन का रकबा बढ़ाने के लिए अधिक संभावनाओं वाले किसानों की सूची तैयार की जाना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले में सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो इरिगेशन) के रकबे में वृद्धि करने तथा किसानों को आधुनिक सिंचाई पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पीएमसी घटक में स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति के लिए पंजीकृत किसानों से विभागीय अमला व्यक्तिगत रूप से संपर्क करे। इसके लिए उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की जाए। टीम पंजीकृत किसानों से संपर्क कर उन्हें योजनांतर्गत उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेने तथा स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई उपकरण अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने के प्रयास किए जाएं, ताकि जिले में माइक्रो इरिगेशन का रकबा बढ़ाया जा सके।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले में लहसुन का रकबा बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लहसुन की खेती के विस्तार की संभावनाओं वाले किसानों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा ऐसे किसानों से संपर्क कर उन्हें लहसुन की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर सक्रियता से कार्य करें तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत सिंचाई पद्धतियों को अपनाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें।

कार्तिक मेले की तैयारियों को लेकर नपा की बैठक संपन्न

मेले की सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर के ऐतिहासिक कार्तिक मेले (जतरे) को भव्य और व्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने की। इसमें मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं, नागरिकों और दुकानदारों की सुविधाओं को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पालीवाल ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मेले की सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं, ताकि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी मेले में दुकानों का लेआउट व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जाए, जिससे दुकानदारों को उचित स्थान मिल सके और श्रद्धालुओं के आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही मेले में आने वाले नागरिकों के वाहनों के लिए सुरक्षित एवं सुचारू पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी संबंधित शाखाओं को जिम्मेदारियां सौंपने और व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, अमित गिरजे, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहीरवार, कुलदीप राठौर, सुनील बागवान एवं भानु लववंशी सहित नगर पालिका उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, राजस्व शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे, स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे और कर्मचारी गोकुल पुष्पद उपस्थित रहे।

निर्माण शुरू होने से छह माह पहले ही निकाल लिए थे 4.90 लाख रुपए

सचिव की गैर मौजूदगी में जांच कर लौटी टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

जीरापुर जनपद की गोघटपुर ग्राम पंचायत में स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर कार्य शुरू होने से करीब छह माह पहले ही 4 लाख 90 हजार रुपए का आहरण किए जाने के मामले में जिला पंचायत की जांच टीम मंगलवार को मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की शिकायत, सीएम हेल्पलाइन और खबरों के प्रकाशन के बाद पहुंची टीम की जांच प्रक्रिया


हरिभूमि
गोघटपुर पंचायत में दो बार में निकाले 4.90 लाख रुपए, अब निर्माण शुरू

को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। टीम ने पंचायत सचिव भेरूलाल कुंभकार की अनुपस्थिति में जांच की और पंचनामा तैयार कर लिया। इसके बाद निर्माणाधीन स्वच्छता परिसर का निरीक्षण किया, जहां कुछ कमियां मिलने पर सरपंच योगेश गुप्ता को ड्राइंग के अनुसार निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए।

जांच टीम ने पंचायत में श्मशान घाट की गिरी हुई दीवार का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही टीम ने भगोरा ग्राम पंचायत में भी जांच की। उल्लेखनीय है कि भगोरा पंचायत में पदस्थ सचिव भेरूलाल कुंभकार वर्तमान में निलंबित हैं।

इनका कहना है

जांच के संबंध में टीम पंचायत में आई थी। उन्होंने स्वच्छता परिसर के फ्लश टैंक को अंदर बनाने की बात कही है। अभी निर्माण कार्य चल रहा है। बाकी जांच कर टीम पंचनामा बनाकर ले गई है।
-योगेश गुप्ता, सरपंच ग्राम पंचायत गोघटपुर।

अवैध मदिरा के 5 प्रकरण दर्ज 13.46 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ग्राम जेपला, जेपली, परलापुरा, बराड़वारी, कोलूखेड़ी एवं भूराखेड़ी सहित विभिन्न स्थानों से कुल 13.46 बल्क लीटर मदिरा विधिवत जप्त की गई। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर मदिरा को आबकारी विभाग के कब्जे में लेकर विवेचना में लिया गया। आबकारी विभाग द्वारा बताया गया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके अंतर्गत संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी, रात्रि कालीन गश्त, सड़क जांच तथा आबकारी केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

पार्षद ने सीएमओ को पत्र लिखकर जांच और भुगतान रोकने की मांग की

कायाकल्प योजना में 32 लाख से निर्मित सड़क उखड़ने लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 08 का है, जहां कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 32 लाख रुपए की लागत से बनाई गई सीसी सड़क महज तीन माह में ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है। सड़क की सतह से गिट्टी बाहर आने और कई स्थानों पर सीमेंट-कंक्रीट के क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वार्ड 08 में अक्षय सक्सेना के मकान से बदलीपुरा हनुमान मंदिर तक कायाकल्प योजना के तहत सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हुए कुछ ही महीनों बाद सड़क की हालत खराब होने लगी। जगह-जगह से गिट्टी बाहर आने और सड़क क्षतिग्रस्त होने के फोटो वार्ड के जागरूक नागरिकों ने सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। मामले के सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हिस्सों का निरीक्षण किया और जहां-जहां सड़क उखड़ी थी, वहां मरम्मत कार्य करवाया गया। हालांकि, महज तीन महीने में सड़क खराब होने के मामले को लेकर वार्ड पार्षद भावना नीलेश वर्मा ने भी गंभीरता दिखाई है। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को पत्र लिखकर निर्माण कार्य की तकनीकी एवं गुणवत्ता संबंधी जांच करवाने की मांग की है।

इनका कहना है...

सीसी सड़क जिन स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुई थी, वहां मरम्मत करवा दी गई है। सड़क आवागमन के कारण कुछ स्थानों से डेमेज हुई है। मगर सड़क पर लोग नहीं चलेंगे तो कहां आसमान में उड़कर चलेंगे। प्रदेश में बन रही सड़कों पर इस तरह से आवागमन ही बंद हो जाएगा।
विक्की ब्राह्मणे, इंजीनियर नगर पालिका सारंगपुर